2017 की तुलना में 2018 में भारत में मलेरिया के 26 लाख मामले कम दर्ज किए गए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 2018 में मलेरिया से 85 फीसदी से अधिक मौतें अफ्रीकी देशों और भारत में हुई।

पहाड़ों में जबर्दस्त बर्फबारी, हिमाचल पुलिस ने कहा–अभी न आएं

मौसम ने बदला मिजाज ▶ छह ट्रेनों में करीब 1500 यात्री शिमला से लौटे, उत्तराखंड में लगातार तीसरे दिन बारिश–बर्फबारी से तीन सौ गांव अलग–थलग

देश के कई हिस्सों में ठंड बढ़ने से लोगों को नहीं मिल पा रही है राहत

जागरण टीम, नई दिल्ली

शिमला में बुधवार को ताजी बर्फबारी के दौरान ऐतिहासिक रिज मैदान पर आनंद उठाते पर्यटक। महेंद्र ठाकुर

बुधवार को उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में जमकर बर्फबारी हुई। शिमला में पुलिस को एडवाइजरी जारी करनी पड़ी कि अभी यहां आएं। हिमाचल पुलिस ने फेसबुक पर पोस्ट किया कि शिमला जाने वाली प्रमुख सड़कें अभी बर्फ से ढकी हुई हैं। ऐसे में शिमला आने से बचें। हिमपात के चलते शिमला के होटलों पर्यटक कई घंटों तक फंसे रहे। कुल्लू पुलिस ने भी मनाली न जाने की सलाह दी है। उत्तराखंड में तीन सौ से ज्यादा गांव जिला मुख्यालयों से कट गए हैं। करीब 400 गांवों में बिजली गुल है। दो दर्जन से अधिक सड़कों पर आवागमन ठप है। मसूरी, जोशीमठ, मुक्तेश्वर और चंपावत में पारा शून्य से नीचे पहुंच गया है। टिहरी जिले के धनोल्टी में पानी पाइप लाइनों में जम गया है। ऐसे में क्षेत्र के लोग बर्फ पिघलाकर प्यास बुझा रहे हैं।

हिमाचल में 879 सड़कें बंद : शिमला शहर में करीब डेढ़ फीट बर्फबारी हो चुकी है। प्रदेश में 879 सड़कें बंद हो गई है। बर्फबारी से परिवहन सेवाएं बड़े पैमाने पर बाधित हुई हैं। कई इलाकों में कड़ाके की ठंड में बिजली न होने से लोग परेशान हैं। कालका-शिमला रेलमार्ग पर चलने वाली ट्रेनों ने लोगों को राहत दी। छह ट्रेनों में करीब 1500 यात्री शिमला से लौटे।

बर्फबारी थमी, नेशनल हाईवे फिर भी बंद : कश्मीर में पिछले दो दिन से जारी बारिश और बर्फबारी का सिलसिला बुधवार को भले ही थम गया हो, लेकिन ठंड में लोगों को कोई खास राहत नहीं मिली है। रामबन के डिगडोल में भूस्खलन तथा जवाहर सुरंग के दोनों तरफ भारी मात्रा में बर्फ जमी होने के चलते श्रीनगर-जम्मू नेशनल बुधवार को दूसरे दिन भी बंद रहा। जम्मू में वैष्णो देवी भवन पर ऐतिहासिक शिव गुफा अभी खोली नहीं जा सकी है। 29 दिसंबर को गुफा के प्रवेश द्वार पर भारी चट्टान खिसककर आ गई थी।

दिल्ली में कोल्ड डे की स्थिति : पहाड़ों पर बारिश और हिमपात का असर उत्तर भारत के राज्यों पर भी पड़ा है। दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और राजस्थान में बुधवार को बारिश के चलते तापमान में गिरावट महसूस की गई।

मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में 8 जनवरी 2015 के बाद बुधवार को सबसे कम अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। बारिश के बाद दिल्ली का अधिकतम तापमान 14 डिग्री तक गिर गया। बुधवार को कोल्ड डे की स्थिति रही। पंजाब के कई जिलों में भी बारिश हुई। उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बुधवार को सुबह से ही शुरू बूंदाबांदी रात तक चली।

अभी बारिश, किसानों की बल्ले–बल्ले

सुरेंद्र प्रसाद सिंह, नई दिल्ली

- रबी फसलों के लिए सोने की बूंद की तरह इन दिनों की बारिश : वैज्ञानिक
- सीजन में हुई इस बारिश से घटेगी खेती की लागत, मिट्टी में बढ़ेगी नमी
- कृषि क्षेत्र की विकास दर में अगले वित्त वर्ष के दौरान सुधार का अनुमान

खेती के लिहाज से पूरे साल रहा शानदार मौसम और सरकारी प्रयासों के चलते कृषि क्षेत्र की विकास दर में और सुधार होने का अनुमान है। हाल के दिनों में नवंबर और अब जनवरी में हो रही बारिश से शहरी आबादी भले ही ठिठुरन महसूस कर रही हो, लेकिन किसानों के चेहरे खिल गए हैं। यह बारिश उनकी खेती के लिए अच्छी खबर लेकर आई है। बारिश की बूंदें खेतों में खड़ी फसलों पर सोना बनकर बरस रही हैं। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि इन महीनों में होने वाली बारिश से खेती की लागत घट जाती है।

मंगलवार को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पहले एडवांस एस्टीमेट में कृषि क्षेत्र की विकास दर को 2.8 फीसद का अनुमान लगाया गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 0.1 फीसद कम है। जबकि कृषि मंत्रालय का कहना है कि कृषि क्षेत्र में सरकार के प्रयासों और पूरे सालभर मौसम की बेहतर चाल से इसके प्रदर्शन में शानदार सुधार होने का अनुमान है।

केंद्रीय कृषि आयुक्त सुरेश मल्होत्रा का कहना है, 'चालू फसल वर्ष में मानसून की अच्छी बारिश जहां खरीफ की पैदावार बढ़ी है, वहीं मानसून के देर तक सक्रिय रहने की वजह से मिट्टी में पर्याप्त नमी है। इससे रबी फसलों के बोआई रकबा में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है।' खाद्यान्न की कुल पैदावार भी बहुत बढ़ेगी। इससे स्पष्ट है कि कृषि क्षेत्र की विकास दर में सुधार होना तय है

बोआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक रकबा छह करोड़ हेक्टेयर पर पहुंच चुका है, जो पिछले साल अब तक 5.6 करोड़ हेक्टेयर था। इसमें अभी और वृद्धि होगी। गेहूं का बोआई रकबा 3.16 करोड़ हेक्टेयर हो चुका है, जो पिछले साल केवल 2.86 करोड़ हेक्टेयर था। अगैती गन्ना और आलू से खाली होने वाले खेतों में पिछैती गेहूं बोआई अभी जारी है।

दलहनी फसलों का रकबा पिछले साल के मुकाबले 60 हजार हेक्टेयर अधिक हो चुका है। इसमें चना का बोआई रकबा 98 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि पिछले साल रकबा 93 लाख हेक्टेयर था। हालांकि सरसों जैसी प्रमुख तिलहन की खेती में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। असिंचित क्षेत्रों की मिट्टी में बढ़ी नमी का फायदा रबी की खेती के लिए मुफीद साबित हुआ है।

गेहूं व जौ अनुसंधान निदेशालय के निदेशक डॉक्टर जीपी सिंह ने बीते नवंबर और फिर इन दिनों हो रही बारिश के बारे में बताया, 'इन दिनों की बारिश खेतों में खड़ी रबी फसलों के लिए सोने की बूंदों की तरह हैं। इससे गेहूं समेत अन्य दलहनी व तिलहनी फसलों की दो सिंचाई का पैसा बचा है।'

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के असिंचित क्षेत्रों में रबी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि हो जाएगी। इस बार गेहूं की उत्पादकता भी बढ़ेगी, जिससे कुल पैदावार 11 करोड़ टन की रिकार्ड स्तर को छू सकती है। यह पिछले साल के गेहूं उत्पादन 10 करोड़ टन से लगभग एक करोड़ टन ज्यादा होगा।

न्यूज गैलरी

चमोली के औली में लगे अवैध टेंट हटाने के आदेश

गोपेश्वर (चमोली) : जिला प्रशासन ने औली में लगे अवैध टेंट हटाने के आदेश दिए हैं। स्थानीय युवाओं ने औली में बर्फबारी के बाद ये टेंट लगाए थे। चेतावनी दी गई कि ऐसे टेंट संचालकों पर जुर्माना लगाया जाएगा। चमोली जिले के औली में इन दिनों बर्फ का लुत्फ उठाने के लिए पहुंच रहे सैलानियों के लिए स्थानीय युवा वहां टेंट लगा रहे हैं। जोशीमठ के उपजिलाधिकारी अनिल कुमार चन्याल ने बताया कि सरकारी जमीन पर बिना अनुमति के टेंट नहीं लगाए जा सकते। आगे से उल्लंघन करने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा। इसके बाद युवाओं ने वहां से टेंट हटाने शुरू कर दिए हैं। (संसू)

'बेटी से दुष्कर्म का आरोप नहीं लगा सकता कोई बाप'

चंडीगढ़ : पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने दुष्कर्म के दोषी को मिली 14 साल की सजा को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि कोई बाप दुश्मनी निकालने को अपनी व बेटी की इज्जत को दांव पर लगाकर दुष्कर्म का गलत आरोप नहीं लगा सकता। कोर्ट ने कहा कि याची आठ साल से जेल में है। इस दौरान उसका बर्ताव भी ठीक रहा, इसलिए उसकी सजा 14 साल से 10 साल की जा रही है, लेकिन सजा को माफ नहीं किया जा सकता। याचिका में याची ने दलील दी थी कि उनका पीड़िता के पिता के साथ विवाद चल रहा था। (जासं)

स्टिंग मामले की जांच को लेकर सुनवाई दो मार्च को

नैनीताल : पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत स्टिंग मामले की जांच सीबीआइ से हटाकर एसआइटी से कराने के तत्कालीन कैबिनेट के फैसले को चुनौती देने वाली कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की याचिका पर हाईकोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की एकलपीठ ने मामले को सुनने के बाद अगली तिथि दो मार्च तय कर दी है। 2016 में कांग्रेस विधायकों ने सरकार से बगावत की तो एक न्यूज चैनल संचालक ने विधायकों की खरीद-फरोख्त का कथित स्टिंग जारी किया। स्टिंग मामले की सीबीआइ जांच की सिफारिश राज्यपाल ने केंद्र सरकार से कर दी। सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस सरकार बहाल हो गई तो वरिष्ठ मंत्री डॉ. इंदिरा हृदयेश की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में स्टिंग मामले की जांच सीबीआइ से हटाकर एसआइटी से कराने का फैसला लिया गया। (जासं)

बंद ने लोगों का हाल किया बेहाल, बंगाल में हिंसा

- प्वाम व तृणमूल कार्यकर्ता भिड़े, मालदा में करनी पड़ी हवाई फायरिंग
- बंद के दौरान पंजाब में भी रोकी ट्रेनें, केरल समेत कई राज्यों में लोग हुए परेशान

बंगाल के मालदा में बुधवार को विभिन्न संगठनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी बंद के दौरान पुलिस वाहन को फूंक दिया गया। जागरण

जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली

केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में विभिन्न संगठनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी बंद के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसका सबसे ज्यादा असर बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पंजाब में रहा। बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में इसका आंशिक असर ही दिखा।

बंगाल में जमकर हिंसा व तोड़फोड़ हुई। आंदोलनकारियों ने वाहनों में आग लगाई और पुलिसकर्मियों से भी हाथापाई की। जबरन ट्रेन और बसों को रोककर यातायात बाधित किया और सड़कों पर जमकर उत्पात मचाया। बंद समर्थक वामो-कांग्रेस और विरोधी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट भी हुई। पूर्व रेलवे में 175 और दक्षिण पूर्व रेलवे में 15 ट्रेनें रद रहीं। हालांकि कोलकाता में मेट्रो रेल की सेवाएं सामान्य रहीं। दमदम मेट्रो स्टेशन में हंगामा करने का प्रयास किया गया।

उत्तर 24 परगना जिले में बंद को लेकर खड़ी ट्रेन के नीचे व कारशेड में देसी बम मिले जिसे बाद में जीआरपी ने निष्क्रिय किया। दक्षिण 24 परगना जिले में भी दो बम रेलवे लाइन के निकट मिले। दोपहर तक कोलकाता में 55 जबकि हावड़ा में 46 लोगों को हिरासत में लिया गया। मालदा में पुलिस व बंद समर्थकों के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई। लोगों ने सरकारी बसों में तोड़फोड़ की। पुलिस की एक वैन समेत कई वाहनों को आग लगा दी गई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेने की कोशिश की तो उन पर भी पथराव किया और देसी बम फेंके। पुलिस ने भीड़ को भगाने के लिए लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गोले छोड़े और रबड़ की गोलियां दागी। पंजाब के ज्यादातर जिलों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेनें रोक दी। राज्य परिवहन निगम की बसें नहीं चलीं और बैंकों में कामकाज बंद रहा। ओडिशा में राजधानी भुवनेश्वर समेत कटक अन्य शहरों में बैंक एवं शिक्षण संस्थान पूरी तरह से बंद रहे। सुबह से ही ट्रेनें व अन्य सार्वजनिक परिवहन के नहीं चलने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक नगरी भिलाई, किरंदुल और बचेली में स्टील उद्योगों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। बैंक और डाक की हड़ताल का भी खासा असर देखा गया। झारखंड में कोयला क्षेत्र की कंपनियों सीसीएल (कोकिंग कोल लिमिटेड), बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड), ईसीएल (ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड), एचईसी व अन्य कंपनियों में कामकाज प्रभावित हुआ। ट्रांसपोर्ट सेवाएं प्रभावित होने के कारण लोग परेशान हुए। सीसीएल के सीएमडी गोपाल सिंह ने हड़ताल पर गए मजदूरों व कर्मचारियों के आठ दिन का वेतन काटने की अनुशंसा की है। जमशेदपुर में टाटा समेत कई निजी कंपनियों के मजदूरों और कर्मचारियों ने भी हड़ताल का समर्थन करते हुए कार्य बहिष्कार किया।

दिल्ली, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश और हरियाणा समेत ज्यादातर राज्यों में बंद का आंशिक असर दिखा। बैंकों और अन्य प्रतिष्ठानों में कामकाज नहीं होने से लोगों को दिक्कतें आईं। बैंकिंग कार्यों के लिए लोग डिजिटल के भरोसे रहे। पटना में ट्रेन रोकने की कोशिश कर रहे बंद समर्थकों और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई। मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा असर बैंकों में देखा गया।

सृजन घोटाले में डीएम समेत 11 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

जासं, पटना : भागलपुर के सृजन घोटाले में बुधवार को सीबीआइ की विशेष अदालत में भागलपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी और फिलहाल पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के विशेष सचिव बिरेंद्र कुमार यादव सहित 11 आरोपितों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र (सप्लीमेंट्र चार्जशीट) दाखिल किया गया। इसके पूर्व सीबीआइ कई आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर चुकी है।

बिरेंद्र कुमार यादव 2004 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। वह 18 जुलाई 2014 से 4 अगस्त 2015 तक भागलपुर के जिलाधिकारी थे। सीबीआइ ने जांच के दौरान पाया कि बिरेंद्र की भागलपुर स्थित सबौर के सृजन महिला विकास सहयोग समिति संस्थान के प्रबंधक से मिलीभगत थी। उनके कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री नगर विकास योजना के 12 करोड़ 20 लाख 15 हजार रुपये सरकारी खाते से एक षड्यंत्र के तहत सृजन के बैंक के खाते में भेजे गए। इसके बाद सृजन के खाते से रुपये निकालकर आरोपितों ने आपस में बांट लिए।

सीबीआइ का आरोप है कि घोटाला तत्कालीन जिलाधिकारी की ही निगरानी में हुआ था। उन्होंने यह घोटाला लालच में कराया।

श्रीनगर में फिर ग्रेनेड हमला, दो महिलाओं समेत चार घायल

राज्य ब्यूरो, श्रीनगर

- कश्मीर विवि के पास बनाया सीआरपीएफ को निशाना
- फिलहाल, किसी आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है

आतंकियों ने बुधवार को एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड हमला किया। इस हमले में जवान बाल-बाल बच गए, लेकिन दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। फिलहाल, किसी आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों की तलाश में अभियान तेज कर दिया है। इससे पहले गत शनिवार को भी आतंकियों ने श्रीनगर के कावडारा इलाके में ग्रेनेड हमला किया था, जिसमें दो नागरिक घायल हो गए थे।

आतंकियों ने कश्मीर विश्वविद्यालय परिसर के साथ सटे हबक क्रासिंग में दोपहर करीब दो बजे सीआरपीएफ की 15वीं वाहिनी के जवानों को निशाना बनाते हुए उनके मोबाइल बंकर पर ग्रेनेड फेंका। ग्रेनेड सड़क पर जोरदार धमाके के साथ फटा। हमले में वहां मौजूद दो महिलाओं समेत चार लोग जख्मी हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाका होते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों के रोने-चिल्लाने की आवाजें आने लगी। लोग अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की तरफ भागे। इस बीच, सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली। उन्होंने वहां सड़क पर जख्मी पड़े चार लोगों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान गुलाम नबी, फैयाज अहमद डार, नसीमा और शाजिया के रूप में हुई है। डॉक्टरों के अनुसार, चारों घायलों की हालत स्थिर है।

इस बीच, हमले की सूचना मिलते ही पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारी भी अपने दल बल समेत मौके पर पहुंच गए। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और श्रीनगर शहर में आने-जाने के सभी रास्तों पर विशेष नाके लगाने का निर्देश दिया। सुरक्षाबलों ने शहर के कई हिस्सों में संदिग्ध तत्वों की छानबीन शुरू कर दी है। देर शाम तक हमलावर आतंकी का कोई सुराग नहीं मिला था।

सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि ग्रेनेड विश्वविद्यालय के भीतर से फेंका गया था, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई। फिलहाल, पुलिस ने विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हमले की जांच शुरू कर दी है।

अब रेलवे स्टेशनों पर कराएं स्वास्थ्य जांच

जागरण संवाददाता, जयपुर : उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर, अजमेर, जोधपुर और बीकानेर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर स्वास्थ्य जांच की सुविधा मुहैया कराएगा। स्टेशनों पर 18 तरह की जांच के लिए मशीनें लगाई जाएंगी। यात्रियों को 50 से 100 रुपये के भुगतान पर सुविधा मिलेगी।

जयपुर मंडल के जयपुर जंक्शन, गांधीनगर, बांदीकुई, अलवर और रेवाड़ी स्टेशनों पर इस माह के अंत तक एक-एक मशीन लगाई जाएगी । इन मशीनों से कुल 18 तरह की जांचों की सुविधा होगी। इन जांचों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। 50, 80 और 100 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। जयपुर मंडल के अनुसार स्वास्थ्य जांच मशीन सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक काम करेगी। यात्रियों की मदद के लिए मशीन के पास टेक्निकल स्टाफ के दो सदस्य मौजूद रहेंगे।

इन जांचों की होगी सुविधा : स्टेशनों पर होनी वाली जांचों में शरीर का तापमान, ब्लड प्रेसर (बीपी), पल्स रेट, डायबिटीज, लंग फंक्शन, डायबेटिक रेटिनोपैथी, बॉडी फैट मास, प्रोटीन, स्केलेटल मसल मास, सॉफ्ट मलीन मास, ड्राई लीन मास, बॉडी सेल मास और बोन मिनरल काउंट सहित कुछ और शामिल हैं। इस साल के अंत तक कुछ अन्य जांचें भी स्टेशन पर शुरू करने पर विचार किया जा रहा है।

सीआरपीएफ अकादमी में डीआइजी ने सिपाही पर फेंका खौलता पानी

जासं, बिहारशरीफ : बिहार के राजगीर स्थित सीआरपीएफ ट्रेनिंग अकादमी में गुनगुने की जगह गर्म पानी मिलने से नाराज सीआरपीएफ के डीआइजी डीके त्रिपाठी ने सिपाही आमोल के चेहरे पर खौलता पानी फेंक दिया। सिपाही को वर्द्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान (विम्स), पावापुरी में भर्ती कराया गया। घटना 2 जनवरी की है, लेकिन सोशल मीडिया पर खबर वायरल होते ही मामला संज्ञान में आया।

सीआरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि डीआइजी ने पीने के लिए गुनगुना पानी मांगा था। गलती से गर्म पानी आने पर डीआइजी ने मेस अधिकारी को बुलाया। मेस इंचार्ज के साथ सिपाही भी पहुंच गया और उसने बताया कि उसी ने गलती से बर्तन में गर्म पानी डाल दिया था। इसके बाद डीआइजी सिपाही को समझा ही रहे थे कि उनका हाथ बर्तन से टकरा गया और गर्म पानी सिपाही के शरीर व चेहरे पर गिर गया। पानी गर्म होने से वह झुलस गया।

यूपीटीईटी में पकड़ाए सॉल्वर गैंग के 18 सदस्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजीपुर में प्रधानाचार्य सहित पांच को एसटीएफ ने दबोचा, प्रयागराज में प्रबंधक के साथ सात धरे गए

पहले भी पकड़ा गया था प्रधानाचार्य

आरोपित प्रधानाचार्य पारस कुशवाहा को इससे पूर्व 2016-17 की उप्र पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में नकल कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। तब उसने प्रश्नपत्र सॉल्व कराकर अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराए थे और इसी परीक्षा केंद्र में बैठे करीब 27 अभ्यर्थियों ने टॉप किया था।

उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) में बुधवार को जब विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर करीब 15.5 लाख अभ्यर्थी अपनी मेहनत आजमाने पहुंचे थे, तब स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) व पुलिस की संयुक्त टीमों की नजर नकल कराने वाले गिरोहों पर टिकी थीं। प्रदेश के पांच जिलों में सॉल्वर गिरोह के 18 सदस्य पकड़े गए हैं, जिनमें गाजीपुर के एक स्कूल के प्रधानाचार्य तथा प्रयागराज स्थित एक कॉलेज के प्रबंधक भी शामिल हैं। सॉल्वर गैंग से जुड़े कई अन्य संदिग्धों की तलाश भी की जा रही है। आइजी एसटीएफ अमिताभ यश का कहना है कि परीक्षा के दृष्टिगत मंगलवार शाम से ही एसटीएफ मुख्यालय के अधिकारियों समेत कई टीमों को सक्रिय किया गया था।

एसटीएफ ने गाजीपुर में बुद्धम शरणम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पारस सिंह कुशवाहा समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पारस सिंह ने प्रश्नपत्र को सॉल्वर गैंग के जरिए हल कराकर कुछ अभ्यर्थियों को पास कराने का ठेका लिया था। आइजी एसटीएफ के अनुसार पारस सिंह अपने रिश्तेदार चंद्रपाल सिंह कुशवाहा, चंद्रहास सिंह कुशवाहा, अजीत सिंह कुशवाहा तथा कॉलेज के लिपिक सियाराम सिंह यादव की मदद से प्रश्नपत्र हल कराकर अभ्यर्थियों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे कि इसी बीच सभी पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में सामने आया कि इस संगठित गिरोह के सरगना प्रधानाचार्य पारस सिंह हैं। गिरोह ने 50 अभ्यर्थियों ने डेढ़-डेढ़ लाख रुपये लेकर उन्हें सॉल्व प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली थी। परीक्षा शुरू होने से करीब 10 मिनट पहले पहले प्रश्नपत्र के सी व डी सेट की फोटो अजीत ने खींचकर उन्हें वाट्सएप पर चंद्रहास के मोबाइल पर भेजा था। परीक्षा केंद्र के पास स्थित ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में प्रश्नपत्र के प्रिंट निकालकर उन्हें सॉल्व कराकर अभ्यर्थियों तक पहुंचाया जाना था, लेकिन इससे पहले ही आरोपित पकड़े गए। पारस सिंह ग्लोरियस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक भी हैं। इसके अलावा एसटीएफ ने प्रयागराज में भी सॉल्वर गिरोह के सात सदस्यों को पकड़ा है। जिनमें धूमनगंज स्थित पंचम लाल आश्रम इंटर कॉलेज के प्रबंधक चंद्रमा सिंह यादव, सरगना संजय उर्फ रमेश, दलाल अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, सॉल्वर विनोद कुमार शाह व राजेश मिश्रा भी शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने जौनपुर में तीन, सुलतानपुर में एक व कन्नौज में सॉल्वर गैंग के दो सदस्यों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

डिफेंस एक्सपो

पहली बार एयरबेस से बाहर फ्लाई पास्ट करेगा चिनूक, वायुसेना के चार एयरबेस से एक साथ होगा ऑपरेशन

दिखेगा 'मिशन ओसामा' में शामिल चिनूक का दम

निशांत यादव, लखनऊ

10 फरवरी 2019 को चार हेवी लिफ्ट बैटल हेलीकॉप्टर चिनूक मुंदरा पोर्ट पहुंचे थे

25 मार्च 2019 को इन्हें भारतीय वायुसेना में शामिल कर लिया गया

08 अक्टूबर 2019 को भारतीय वायुसेना दिवस की परेड में शामिल किया गया

अल कायदा के आतंकी सरगना ओसामा बिन लादेन को मारने वाले अमेरिकी नौसेना कमांडो के ऑपरेशन में शामिल हेलीकॉप्टर चिनूक का दम पहली बार लखनऊ के आसमान पर दिखेगा। चिनूक के साथ भारतीय सेना में शामिल चेतक और वायुसेना के एमआइ-17 हेलीकॉप्टर फ्लाई पास्ट का हिस्सा होंगे।

फ्रांस निर्मित जगुआर और रूस से आयातित सुखोई एसयू-30 के अलावा एचएएल के बनाए डोनियर और एएलएच हेलीकॉप्टर भी चिनूक के साथ अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। डिफेंस एक्सपो 2020 में पांच से नौ फरवरी तक देश के चार वायुसेना स्टेशनों से एक साथ फ्लाई पास्ट का ऑपरेशन किया जाएगा। इस लिहाज से देखा जाए, तो यह हेलीकॉप्टर इस डिफेंस एक्सपो की बड़ी खासियतों में एक होगा, जिस पर सभी की निगाहें होंगी।

हिंडन एयरबेस पर तैनात चिनूक पहली बार अपने एयरबेस से निकलकर किसी शो में शामिल होगा। हजारों की संख्या में आम नागरिक, विश्व के कई देशों से आए रक्षा विशेषज्ञों और रक्षा उत्पादन क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों के सामने चिनूक फ्लाई पास्ट में शामिल होगा। यह फ्लाई पास्ट वृंदावन योजना स्थित सेक्टर 15 में पांच से नौ फरवरी तक डिफेंस एक्सपो स्थल पर होगा।

हेवी लिफ्ट बैटल हेलीकॉप्टर चिनूक। फाइल

चार एयरफोर्स स्टेशन का एक साथ इस्तेमाल

रोज तकरीबन एक घंटे तक होने वाले फ्लाई पास्ट और ध्रुव हेलीकॉप्टर के साथ सारंग टीम के प्रदर्शन के लिए भारतीय वायुसेना के चार एयरफोर्स स्टेशन इस्तेमाल होंगे। अपग्रेड हो चुके बख्शी का तालाब, ग्वालियर, बरेली और कानपुर के चकेरी वायुसेना स्टेशन से एक साथ ऑपरेशन होंगे।

50 मील तक नो फ्लाइंग जोन

वायुसेना का फ्लाई पास्ट का अभ्यास एक फरवरी से शुरू होगा। लखनऊ एयरपोर्ट से 50 मील दूरी तक चारों दिशाओं में एक से नौ फरवरी तक सुबह 11 से एक बजे तक नो फ्लाइंग जोन रहेगा। यह कदम सुरक्षा कारणों की वजह से उठाए जाएंगे। इसके अलावा, छह से आठ फरवरी तक दोपहर तीन से शाम 4:30 बजे तक 50 मील तक कोई विमान प्रवेश नहीं करेंगे। डिफेंस एक्सपो में फ्लाईपास्ट के अभ्यास की वजह से इन तीन दिनों में दिल्ली सहित कई शहरों की विमान सेवाएं डायवर्ट होंगी।

पठानकोट से चार आतंकियों को सांबा में लाने का दावा

जागरण संवाददाता, जम्मू

पुलिस के हाथ लगे एक पूर्व आतंकी के रहस्योद्घाटन ने सुरक्षा एजेंसियों के होश उड़ा दिए हैं। पता चला है कि उसने पठानकोट से चार हथियारबंद आतंकियों को अपने साथ लेकर लाया था और उन्हें पुरमंडल इलाके में छोड़ा है। इसके बाद सुरक्षाबलों ने आतंकियों की तलाश में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक कोई सुराग नहीं लगा था।

जम्मू से करीब 25 किमी दूर सांबा जिले में स्थित हिंदुओं के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल पुरमंडल में पुलिस टीम ने मंगलवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे व्यक्ति को पकड़ा। एसएसपी सांबा शक्ति पाठक ने बताया कि पकड़े गए संदिग्ध की पहचान श्रीनगर के (55) परवेज अहमद भट्ट के रूप में हुई है। उसने कबूला कि वर्ष 1990 में आतंकी संगठन अल इंकलाब के लिए काम करता था। इसके बाद उसने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। गत मंगलवार को वह पठानकोट से करीब चार हथियारबंद आतंकियों को अपने साथ लाया था और उन्हें उसने पुरमंडल इलाके में छोड़ा है। एसएसपी ने कहा कि पूर्व आतंकी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही है, लेकिन किसी भी सूचना को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

पुरमंडल में तलाशी अभियान :

सुरक्षाबलों ने बुधवार तड़के पुरमंडल के साथ लगते जंगलों में तलाशी अभियान चलाया। अभियान पुरमंडल के ऊंचाई वाले विजयपुर, गुड़ा सलाथिया के साथ लगते जंगलों में शाम तक जारी रहा। अभियान में सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस और जम्मू कश्मीर पुलिस के जवान शामिल हुए। पुरमंडल इलाका सैन्य छावनी रत्तनोचक्क और बड़ी ब्राह्मणा में कई सैन्य ठिकानों को भी जोड़ता है।